B-3 & 4
L-01
I. Polity

## शब्दावली

### समाज क्या है?

- समाज लोगों का या व्यक्तियों का स्वैच्छिक समूह है।
- समाज का कोई भौगोलिक क्षेत्र नही होता क्योंकि एक समुदाय के लोग विश्व में फैले हो सकते हैं।
- समाज किसी साझे उद्देश्य के लिए काम करता है।
- समाज को समकालीन समय में नागरिक समाज भी कहा जाता है।

KGS IAS
KHAN GLOBAL STUDIES
KHAN SIR

### सरकार (Government)

- समाज को नियंत्रित करने के लिए एवं समाज में विद्यमान संघर्षों के समाधान के लिए सरकार की आवश्यकता होती है।

सरकार के तीन अंग हैं:-



Scanned by CamScanner

- **विधायिका / व्यवस्थापिका**
  - राज्य सभा
  - लोक सभा
  - विधान परिषद
  - विधान सभा
- **कार्यपालिका**
  - **अस्थायी**
    - राष्ट्रपति
    - उपराष्ट्रपति
    - प्रधानमंत्री
    - मंत्रिपरिषद
    - राज्यपाल
    - मुख्यमंत्री
  - **स्थायी**
    - कैबिनेट सचिव
    - मुख्य सचिव
    - IAS / IPS
- **न्यायपालिका**
  - उच्चतम न्यायालय
  - उच्च न्यायालय
  - जिला न्यायालय

KGS IAS
KHAN GLOBAL STUDIES
Most Trusted Learning Platform
KHAN SIR

विधायिका ⇒

विधायिका का मूल कार्य विधि निर्माण करना है।

कार्यपालिका ⇒

कार्यपालिका के द्वारा विधायिका द्वारा निर्मित विधियों का क्रियान्वयन किया जाता है।

न्यायपालिका ⇒

न्यायपालिका तटस्थ और निष्पक्ष संस्था है जिसका काम विवादों का समाधान करना है।



Scanned by CamScanner

## शक्ति पृथक्करण

- अमेरिकी संविधान निर्माताओं के द्वारा पहली बार लिखित संविधान का निर्माण किया गया अमेरिकी संविधान निर्माताओं के द्वारा पहली बार शक्ति पृथक्करण का विचार दिया गया क्योंकि शक्तियों के केन्द्रीकरण से सरकार की शक्ति बढ़ती है जबकि शक्तियों के पृथक्करण से सरकार की शक्तियाँ सीमित होती हैं इसलिए स्वतंत्रता अधिकतम होती है।

## लोकतंत्र (Democracy)

- तानाशाही शासन के विपरीत लोकतांत्रिक शासन का निर्माण हुआ।
- तानाशाही शासन शक्ति और भय के आधार पर कार्य करता है जबकि लोकतांत्रिक शासन का मूल आधार सहमति है जिसके लिए नियमित निर्वाचन का आयोजन होता है।
- लोकतंत्र में आम जनता शक्ति का केन्द्र होती है जिसके द्वारा सरकार का निर्माण होता है और सरकार को हटाया जा सकता है।



KGS IAS
Scanned by CamScanner

- लोकतांत्रिक सरकार में स्वतंत्रता और अधिकार को प्राथमिकता दी जाती है।

## लोकतंत्र सामाजिक व्यवस्था के रूप में

- निर्वाचित सरकार लोकतांत्रिक सरकार का उदाहरण है जबकि लोकतांत्रिक समाज का आशय बहुमत, अल्पमत का दमन न करें से है।
- जाति, धर्म के आधार पर भेदभाव भी सामाजिक लोकतंत्र के विरूद्ध है।
- लोकतंत्र व्यवस्था के साथ जीवन जीने की शैली भी है जहाँ असहमति आलोचना भेदभाव को बढ़ावा दिया जाता है।

KGS IAS
KHAN GLOBAL STUDIES
Most Trusted Learning Platform
KHAN SIR



Scanned by CamScanner